**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 24.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति के छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए 7 हजार 981 करोड़ किए जारी; 75 लाख से अधिक छात्रों को मिलेगा लाभ।**

2. **रांची की महापौर का विपक्ष पर हमला; नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में कल रांची में उमड़ेंगी हजारों महिलाएं।**

3. **धनबाद के सोनारडीह में भीषण भू–धंसान में 10 घर जमींदोज, 4 घायल; प्रशासन और बीसीसीएल की टीमें राहत कार्य में जुटी ।**

4. **जमशेदपुर के सदर अस्पताल में लू से निपटने के लिए 5 बेड का विशेष हीट वेव वार्ड आज से क्रियाशील; 24 घंटे तैनात रहेंगे डॉक्टर।**

5. **लोहरदगा में खेलो इंडिया अस्मिता सिटी लीग का शानदार आगाज़; मैदानों में बालिका खिलाड़ी दिखा रही हैं अपना दमखम।**

*********************

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025–26 के दौरान 75 लाख से अधिक अनुसूचित जाति के छात्रों की शिक्षा के लिए 7 हजार 981 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार समाज के हर वर्ग के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं के बजट में लगातार वृद्धि की जा रही है, जिसके तहत पूर्व–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में इस बार 21 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। यह योजनाएं विशेष रूप से हाशिए पर पड़े छात्रों के शैक्षिक उत्थान पर केंद्रित हैं।

*********************

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर अब से थोड़ी देर बाद राजधानी रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह के दौरान बेहतर कार्य करने वाली राज्य की पंचायतों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा।

*********************

रांची की महापौर रोशनी खलखो ने विपक्ष पर सीधा हमला बोलते हुए कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने की कोशिश करने वालों को महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगी। रामगढ़ में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि इस विरोध के खिलाफ कल रांची में विशाल आक्रोश पदयात्रा निकाली जाएगी।

*********************

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मॉनिटर प्रोफ़ेसर कन्हैया त्रिपाठी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का दौरा कर मानवाधिकार और लैंगिक समानता पर चर्चा की। प्रोफेसर त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में एक ह्यूमन राइट्स गैलरी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जिसके माध्यम से छात्र–छात्राओं को मानवाधिकारों के इतिहास और संवैधानिक प्रावधानों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

*********************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल– जैक के नतीजों में इस साल संघर्ष और सफलता की अनोखी कहानियां सामने आई हैं। रांची के न्यू मधुकम की तंग गलियों में रहने वाले सन्नी कुमार वर्मा ने अभावों के बीच 99 दशमलव छह शून्य प्रतिशत अंक लाकर स्टेट टॉपर की सूची में स्थान बनाया है। अपनी सफलता का राज बताते हुए सन्नी कहते हैं कि पढ़ाई में निरंतरता ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

*********************

धनबाद के बाघमारा प्रखंड स्थित टण्डाबाड़ी बस्ती में कल रात हुए बड़े भू–धंसान में करीब 10 घर जमींदोज हो गए। हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। स्थानीय लोगों ने मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकाला। बाघमारा के अंचलाधिकारी गिरजा नंद किस्कू ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रशासन और बीसीसीएल की टीमें राहत कार्य में जुटी हैं।

**साउंड बाइट– गिरिजानंद किस्कू धनबाद औन भू धसान – 23 सेकेंड**

इधर, ग्रामीणों ने बीसीसीएल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सुरक्षित पुनर्वास की मांग की है।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड की पारंपरिक वनस्पतियों पर आधारित **वाइल्ड लीफी वेजिटेबल्स एंड फ्लावर्स** पुस्तक का विमोचन किया, जिसे उन्होंने कुपोषण से निपटने में सहायक बताया। इस अवसर पर राजभवन परिसर में औषधीय पौधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल भी शुरू की गई, ताकि स्थानीय जड़ी–बूटियों के महत्व को जन–जन तक पहुंचाया जा सके।

*********************

गिरिडीह जिले के जमुआ के रांगा माटी में नाबार्ड द्वारा निर्मित आधुनिक ग्रामीण हाट किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। केंद्र सरकार की इस पहल से अब किसान बिना किसी मौसम की चिंता के अपनी फसलें बेच पा रहे हैं। मुखिया आशा देवी ने कहा कि इस प्लेटफार्म ने बिचौलियों को खत्म कर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

*********************

हजारीबाग पुलिस ने बड़कागांव थाना क्षेत्र में हुई हाईवा आगजनी की घटना का खुलासा कर लिया है। एसपी अमन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि कोल माइनिंग क्षेत्र में दहशत फैलाने के इरादे से राहुल दुबे गिरोह ने इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस की स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम ने गुप्त सूचना पर चंदौल गांव के जंगलों में छापेमारी कर गिरोह के चार सक्रिय सदस्यों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

*********************

जमशेदपुर सदर अस्पताल में लू से निपटने के लिए पांच बेड का विशेष हीट वेव वार्ड शुरू किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने बताया कि वार्ड में डॉक्टरों की चौबीस घंटे तैनाती के साथ ऑक्सीजन, स्लाइन और बर्फ जैसी सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

*********************

आज सुबह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 911 अंक गिरकर 76 हजार 753 पर और निफ्टी 255 अंक गिरकर 23 हजार 918 पर आ गया।

***************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 55 हजार रूपये प्रति किलो है।

***************************

लोहरदगा जिले में आज से खेलो इंडिया पहल के तहत दो दिवसीय अस्मिता सिटी लीग शुरू हुई। पहले दिन नदिया स्कूल और एम.एम. उच्च विद्यालय के मैदानों पर बालिकाओं ने फुटबॉल और कबड्डी में दमखम दिखाया। जिला खेल पदाधिकारी के अनुसार, कल एथलेटिक्स और साइक्लिंग स्पर्धाएं होंगी, जिसके बाद विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

**********समाप्त****************